दिनांक–11.06.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- एनडीए सरकार के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा। षिवराज सिंह चौहान को कृषि और ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार मंत्रालय। ٤
- मुख्यमंत्री ने जबलपुर में 1373 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन और लोकार्पण। जबलपुर से रीवा के लिये षुरू होगी एयर टैक्सी।
- प्रदेष में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक 29 हजार पेड़ लगाए गए।
- टी–20 विष्वकप में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेष को 4 रनों से हराया। आज पाकिस्तान का मुकाबला कनाडा से।

**मंत्रिमंडल–बंटवारा**

केंद्र की एनडीए सरकार के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह और सहकारिता, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिए गए हैं। जे पी नड्डा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय का आवंटित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। निर्मला सीतारमण वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री होगीं। अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के साथ–साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया संचार मंत्रालय, डॉ. वीरेंद् खटीक को सामाजित न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिया गया है। इसी तरह दुर्गादास उईके जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री और सावित्री ठाकुर महिला एवं बाल विकास की राज्य मंत्री होंगी। प्रदेश के राज्य सभा सांसद एल मुरुगन सूचना प्रसारण मंत्रालय के साथ साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री होंगे।

**मुख्यमंत्री–जबलपुर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जबलपुर के बाजना मठ मंदिर से लगे ऐतिहासिक तालाब संग्राम सागर की स्वच्छता के लिये कल श्रमदान किया। इसके बाद आयोजित जनसभा में डॉ. यादव ने 1373 करोड़ के 48 विकास कार्यों का भूमि–पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कुंडम की महिला स्व सहायता समूह द्वारा कोदो–कुटकी के उत्पादों को सांची पार्लर में विक्रय करने दुग्ध संघ के साथ करार भी किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित भी किया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही जबलपुर से रीवा, भोपाल तथा सिंगरौली के लिए एयर टेक्सी सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की। साथ ही बताया कि प्रदेश के आम नागरिकों के बेहतर उपचार एवं सुविधा के लिए एयर एम्बुलेंस की सुविधा दी जायेगी। मुख्यमंत्री गौतम जी की मढिया से पंडा की मढिया तक रोड शो भी किया। इस दौरान सड़कों के आस–पास, लोगो में असीम उत्साह दिखाई दिया।

**भारतीय ज्ञान परंपरा**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा की पुस्तकों से समृद्ध किया जायेगा। वह कल मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की "भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति" की बैठक को संबोधित कर रहे थे। भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री परमार ने कहा प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित ऑनलाइन प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिता आयोजित की जाएं। प्रदेश के 27 विश्वविद्यालयों में 20 जून से 31 जुलाई तक भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

## नए कानून–खंडवा

देशभर में 01 जुलाई, 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके संबंध में पुलिस प्रशासन को जानकारी देने का काम भी निरंतर जारी है। प्रदेश में भी इस संबंध में लगातार प्रशिक्षण, बैठकों और अन्य माध्यमों से कानून के बारे में पुलिस विभाग के हर अंग को प्रशिक्षित किया जा रहा है। खंडवा जिले में भी प्रशिक्षण का दौर जारी है। इस बारे में खंडवा जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने आकाशवाणी को बताया ...

## सीबीएसई–स्पष्टीकरण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परामर्श जारी करके छात्रों और अभिभावकों को 2024–25 के अकादमिक सत्र के लिए पाठ्यक्रम, पठन पाठन सामग्री और नमूना प्रश्न पत्रों के संबंध में मिल रही गलत जानकारियों से सचेत रहने की अपील की है। बोर्ड ने छात्रों को ऑनलाइन मंचों पर फैलाई जा रही असत्यापित जानकारियों से बचने का अनुरोध करते हुए कहा है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट पर पुराने लिंक साझा किए जा रहे है और ऐसे समाचार दिए जा रहे हैं जो सत्यापित नहीं है। यह भी कहा गया है कि अनधिकृत सूत्रों की ओर से दी जा रही जानकारी भ्रामक हो सकती है और स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों तथा अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक उलझन पैदा कर सकती है। बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे प्रमाणिक और अद्यतन जानकारी के लिए केवल सीबीएसई की वेबसाइट देखें।

## जलसंवर्धन गंगा संवर्धन अभियान– प्रदेश

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन विशेष अभियान की गतिविधियों में सभी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। जल–स्रोत के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की प्रदेश स्तर से मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान में अब तक लगभग 99 हजार नागरिकों के जन–सहयोग से नदियों–तालाबों के घाट, कुओं/बाबडियों की साफ–सफाई की और जल–संरचनाओं के किनारे 29 हजार पेड़ लगाये गये है। धार जिले में नटनागरा तालाब एवं आसपास परिसर की साफ–सफाई व गाद निकालने का कार्य किया गया। खण्डवा में कल ग्राम पंचायत लोहारी में तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे ने किया। ग्राम पंचायत मांडवा के नाले पर बने चेकडैम से गाद निकाली गई। मंदसौर में अभिनंदन क्षेत्र में नंदा नगर में बावड़ियों के परिसर में साफ सफाई की गई। डिंडौरी में जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम मुकुटपुर में तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। मनरेगा के मजदूरों द्वारा साफ सफाई कर तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया। रायसेन के गंज बाजार से नगर पालिका द्वारा जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को प्रेरित किए जाने के लिए कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का समापन प्राचीन मिश्र तालाब पर किया गया। मुरैना में ग्राम हरिचन्द बसई में कुआ, बावड़ी, नदी, नाले एवं तालावों का गहरीकरण और मरम्मत के लिए आवश्यक गतिविधियां जनसहयोग के माध्यम किया जा रहा है।

## दस्तक अभियान–खंडवा

खण्डवा जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में कल दस्तक अभियान की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बी.एम.ओ. व परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए कि 25 जून से 27 अगस्त तक होने वाले दस्तक अभियान में 5 वर्ष से छोटे बच्चों वाले परिवारों में घर पर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की दस्तक दी जाकर बच्चों में पाई जाने वाली बीमाारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन के लिए सेवाएं देना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही पल्स पोलियों अभियान की जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर जन्म से 5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाना सुनिश्चित करने को कहा। 23 जून को बूथ पर पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी, साथ ही छूटे हुए बच्चों की टीम के द्वारा 24 व 25 जून को घर–घर जाकर खुराक पिलाई जायेगी

## टी–20 विश्व कप

टी 20 विश्व कप प्रतियोगिता में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को चार रन से हरा दिया। कल रात अमरीका के न्यूयॉर्क में नसाउ कॉउंटी अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी चुनी और निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 113 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर केवल 109 रन बना सकी।

टी–20 विश्व कप में आज पाकिस्तान का मुकाबला कनाडा से होगा। यह मैच भी न्यूयॉर्क में नसाउ कॉउंटी अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ही खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम इस प्रतियोगिता में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और नई टीम अमरीका से हार चुकी है और आगामी मैचों में जीत के लिए प्रयासरत रहेगी जबकि कनाडा की टीम ने पिछले मैच में आयरलैंड को 12 रनों से हरा दिया था।

**समाचार संक्षेप में .....**

- खण्डवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में कल हुई कलेक्ट्रेट जिला स्वास्थ्य समीति की बैठक सभी बी.एम.ओ. को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का तिमाही पंजीयन कर, उनकी चार जांचों का अनमोल पोर्टल पर शत प्रतिशत एंट्री की जाए।
- इंदौर जिले में उचित मूल्य दुकान के राशन का अवैध कारोबार और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत उचित मूल्य दुकान के चावल की कालाबाजारी में संलिप्त चार आरोपियों को जेल भेजने की सजा दी गई है।
- आगरमालवा जिले के किसानों को खेती के बारे में जागरूक किये जाने के उद्देष्य से इन दिनों जिले के गांवों में रात्रीकालीन कृषक चौपाल सह संगोष्ठी तथा कृषक प्रषिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जानकारियां दी जा रही है।
- डिंडौरी में कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभागवार योजनाओं और कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।
- रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे ने मप्र राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा–2021 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रायसेन निवासी अंकिता पाटकर को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि अंकिता शासकीय सेवा की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं के लिए वह प्रेरणा स्त्रोत बनेगीं।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविर जिला चिकित्सालय मुरैना में आयोजित किया गया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरण किया।

————————